तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



2 नगर में प्रशासन ने बरती सख्ती मुख्य चौराहे से हटाया गया अतिक्रमण




## खबर संक्षेप

### दैहिक शोषण के मामले में आरोपी को 10 वर्ष की मिली सजा

**कोरबा**। शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक फास्ट ट्रैक कोर्ट मोहन सोनी ने बताया कि 14 मई को अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) सीमा प्रताप चंद्रा ने 376 (2) (एन) के प्रकरण के आरोपी बृजपाल सिंह कंवर को दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। घटना वर्ष 2017 की है जब पीड़िता की मुलाकात पढ़ाई के दौरान आरोपी बृजपाल सिंह कंवर से हुई, दोनो की दोस्ती हो गई और आरोपी ने शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया था। बाद में वह शादी से मुकर गया था जिसके बाद पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने बृजपाल सिंह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। पुलिस ने विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अतिरिक्त लोक अभियोजक ने अपना पक्ष सन्देह से परे प्रमाणित किया और पर्याप्त साक्ष्य, सबूतों के आधार पर आरोपी को माननीय न्यायालय ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया है।

### दो पुलिया निर्माण की मिली मंजूरी

**कोरबा**। बांकीमोंगरा ग्राम पंचायत राल बसंतपुर में दो पुलिया निर्माण की मंजूरी मिली है। वर्षों पुरानी मांग को लेकर ग्रामीणों ने कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का ध्यान आकृष्ट कराया।

### कोरबा वनमंडल के जामगुड़ा के आसपास विचरण कर रहा है दंतैल

# जंगल में दंतैल हाथी का खतरा, प्रभावित क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक आक्रामक दंतैल हाथी लगातार लोगों को लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। कोरबा वनमंडल में उसकी दस्तक से जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य वन विभाग ने स्थगित

**खास बात**

- वन विभाग ने जारी किया अलर्ट, गांव गांव में मुनादी कर किया जा रहा है सावधान

करा दिया है। बताया जाता है कि जिस इलाके में दंतैल हाथी है उस इलाके में वन विभाग की टीम लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। मुनादी कर लोगों को सावधान कर रही है कि एक दंतैल हाथी झुण्ड से अलग होकर विचरण कर रहा है और यह दंतैल हाथी लगातार लोगों पर हमले की कोशिश कर रहा है। दंतैल हाथी कोरबा वनमंडल के कोरबा क्षेत्र के



जंगल में विचरण करता दंतैल हाथी।

अंतर्गत आने वाले बताती व उसके आसपास विचरण कर रहा है। बुधवार की देर शाम यह दंतैल हाथी जाममुड़ा के पास जा धमका हुआ है। दंतैल हाथी के आक्रामक रूप को देखते हुए एसडीओ आशीष खेलवार के निर्देश पर कोरबा वन परिक्षेत्र अधिकारी मृत्युंजय शर्मा क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं और अपनी टीम के साथ लगातार दंतैल हाथी की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही गांव-गांव में मुनादी कर लोगों को सावधान कर रहे हैं। कोरबा वन परिक्षेत्र अधिकारी मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि दंतैल हाथी के खतरे को देखते हुए जाममुड़ा व उसके आसपास के ग्राम पंचायत में गुरुवार को तेंदूपत्ता का कार्य स्थगित करने का फैसला किया गया है और इसकी मुनादी कर ग्रामीणों को बता दिया गया है ताकि जान माल का नुकसान ना हो।

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए लोगों पर दंतैल ने किया हमला, एक महिला घायल

बताया जाता है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम बताती निवासी अनुपमा बाई सहित आधा दर्जन लोग अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गए हुए थे। इस दौरान दंतैल हाथी से उनका सामना हो गया। जहां दंतैल हाथियों ने तेज चिंघाड़ लगाते हुए सीधा ग्रामीणों पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। जहां दंतैल हाथी को देखकर ग्रामीण भयभीत होकर भागने लगे। इस दौरान भागने के दौरान अनुपमा बाई नीचे गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना का सुखद पहलू रहा कि हाथी अनुपमा तक नहीं पहुंच पाया अन्यथा एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी। घटना की सूचना मिलने पर अनुपमा के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे गंभीर अवस्था में मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। दंतैल हाथी के खतरे को देखते हुए वन विभाग की टीम जंगल में डेरा जमाई हुई है और लोगों को सावधान कर रही है।



### अनाचार के मामले में आने वाला था फैसला, युवक ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

**कोरबा**। लगभग 5 साल पूर्व एक युवक के खिलाफ आनाचार के मामले में अपराध दर्ज हुआ था और संभवतः इसी मामले में न्यायालय से फैसला आने वाला था। फैसला आने के पहले ही युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर मानिकपुर चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मानिकपुर चौकी पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर कॉलोनी निवासी सतीश बेला 27 वर्ष पिता गोविंद बेला ने बुधवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सूत्र बताते हैं कि सतीश बेला के खिलाफ वर्ष 2020 में धारा 376 और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था जो इस मामले में सतीश बेला जमानत पर था। सूत्र बताते हैं कि बुधवार को इस मामले में फैसला आने वाला था और सतीश बेला ने यह जानकारी अपने परिजनों को दी थी।

### सूने मकान में चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा**। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरदा रोहिदास मोहल्ला बांधापारा निवासी श्रीमती वृहस्पति सरवंश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह घरेलू व रोजी मजदूरी का काम करती है। 9 मई की सुबह लगभग 9 बजे अपने मायके मुड़ापार हरदीबाजार घर में ताला बंद कर चले गये थे और 11 मई की सुबह लगभग 9 बजे वापस अपने घर अरदा आये तो देखे घर का ताला टूटा हुआ था और घर में रखे 5 नग कांसा थाली, 3 नग कांस लोटा, 2 नग कांस का गिलास, 7 नग कांस का मलिया, 1 नग कांस का बटकी, नगदी 8 हजार रुपए को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थिया वृहस्पति की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# अंबिका खदान के ओसीपी में शुरू हुआ ओबी रिमूवल कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली के ग्राम करतली स्थित एसईसीएल की अंबिका परियोजना से विगत कई वर्षों के निरंतर सामूहिक प्रयास के बाद आखिरकार अब उत्खनन कार्य शुरू कर दिया

**खास बात**

- खदान से सालाना 1.35 मिलियन टन कोयला उत्पादन

गया है। खदान में ओसीपी में ओबी रिमूव्हल (मिट्टी उत्खनन) का कार्य किया जा रहा है, जिससे जल्द से जल्द फेस का निर्माण किया जा सके और कोयला उत्खनन की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

अंबिका कोयला खदान जिले के पाली विकासखंड के ग्राम करतली में स्थित है। खदान से सालाना 1.35 मिलियन टन का कोयला उत्त्पादन होगा। यहां 7.60 मिलियन टन कोयला भंडारित है। खदान की आयु केवल 9 वर्ष की है। अंबिका एवं करतली में रेलवे साइडिंग भी विकसित होगी। ईस्ट- वेस्ट रेल कारीडोर से इसे जोड़ा जाएगा। खदान से 440 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। इनमें अब तक 213 परिवारों को ही क्षतिपूर्ति प्रदान की गई है। एसईसीएल कोरबा अंतर्गत यह तीसरी ओपनकास्ट परियोजना होगी। इसके पहले मानिकपुर खदान से कोयला उत्खनन हो रहा है। वहीं सरईपाली कोल परियोजना से भी कोयला उत्खनन जारी है। पाली ब्लॉक में प्रस्तावित अंबिका खदान में ग्राम करतली की जमीन समाहित हुई है। इस परियोजना के लिए 134.192 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहम किया गया है। अंबिका खदान के प्रभावितों को राज्य शासन के निर्धारित नए दर के मुताबिक मुआवजा राशि प्रदान किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा नई दर प्रभावितों के लिए नई दर निर्धारित की गई है। इसमें सिंचित जमीन के लिए 10 लाख, अर्द्ध सिंचित के लिए 8 लाख तथा असिंचिंत जमीन के लिए 6 लाख रुपए मुआवजा निर्धारित किया है। इससे प्रभावितों को फायदा मिलेगा। परियोजना शुरू होने से ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है, परियोजना के शुरू होने से नए रोजगार का सृजन होगा जिससे ग्रामवासि लाभान्वित होंगे साथ ही गांव में मूलभूत सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा ग्रामवासियों के द्वारा उठाए गए विभिन्न समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का एसईसीएल प्रबंधन ने आश्वासन किया है। लंबे समय के बाद आखिरकार अंबिका ओसीपी में ओबी रिमूव्हल का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। फेस निर्माण के बाद आने वाले दिनों में कोयला उत्खनन का काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रबंधन ने ओसीपी में ओबी रिमूव्हल शुरू होने से राहत की सांस ली है।

**पाली ब्लॉक में तीन खदान**

पाली ब्लॉक अंतर्गत एसईसीएल कोरबा एरिया द्वारा तीन ओपनकास्ट खदान खोली जा रही है। इसमें सरईपाली परियोजना में मिट्टी निकासी का काम शुरू हो चुका है। शेष अंबिका (1.35 एमटी) व करतली खदान (दो एमटी) की प्रक्रिया अभी प्रारंभिक स्तर पर है। जमीन चिन्हांकन का काम पूरा हो चुका है, अधिग्रहण व मुआवजा वितरण किया जाना है। इन खदानों के शुरू होने से इस क्षेत्र से प्रतिवर्ष 4.40 मिलियन टन कोयला उत्खनन होगा।




## खबर संक्षेप



### जटराज पोखरी में राखड़ डंप करने फेंका जा रहा लाखो लीटर पानी

**कोरबा।** सर्वमंगला कनकी मार्ग पर स्थित जटराज पोखरी में राखड़ विस्थापन के लिए पोखरी के लाखों लीटर पानी को बाहर निकाला जा रहा है। जलस्त्रोत को सूखाकर उसमें राखड़ डंप करने की कार्यवाही पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि निगम के वार्ड 62 के जटराज पोखरी जो पूर्व में खदान था, लेकिन खदान बंद होने के बाद लगभग 50 साल से वह पोखरी की शक्ल ले चुका है। आसपास के नागरिक उक्त जल स्त्रोत का उपयोग दैनिक जीवन में करते आ रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से एक निजी कंपनी द्वारा 5-6 बड़े मोटर पंप लगाकर पोखरी के पानी को फेंककर बर्बाद किया जा रहा है। निगम सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने कलेक्टर और पर्यावरण संरक्षण अधिकारी को पत्र लिखकर पोखरी का संरक्षण करने की मांग की है। कलेक्टर और पर्यावरण अधिकारी को लिखे पत्र में उल्लेख किया गया है कि पोखरी का जल षड्यंत्र पूर्वक सूखाकर उसमें राखड़ पाटने की साज़िश रची गई है।

### प्रशासन द्वारा अवैध कब्जाधारियों पर की गई कार्यवाही




**कोरबा।** पंचायत चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर अवैध कब्जों को खाली कराने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बरपाली भाटापारा में हुए अतिक्रमण को तहसीलदार अभिजीत राजभानु के द्वारा कार्यवाही की गई है एवं लभाग 50 एकड़ शासकीय भूमि को ख़ाली कराने की सख़्त हिदायत दी गई है। कार्यवाही से अवैध कब्जाधारियों एवं जमीन दलालों के बीच हड़कम्प मच गई है। कार्यवाही के दौरान पटवारी कैलाश महतो, सरपंच भुनेश्वर बिझवार, उपसरपंच राजू यादव ग्राम के पंच और ग्राम के नगरिकों की उपस्थति थे जिनके सहयोग से तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाया गया।

### सर्वमंगला चौक बना भारी वाहनों का पार्किंग स्थल



**कोरबा।** सर्वमंगला चौक इन दिनों भारी वाहनों का बड़ा जमावाड़ा देखने को मिल रहा है। कुछ दिन तक मात्र 2 से 4 वाहन ही चौक के इर्द गिर्द दिखाई देते थे परंतु अब तो चौक के चारों ओर हर सड़क पर दर्जनों भारी वाहन पार्किंग बनाकर खड़े रहते हैं। गौरतलब है कि सर्वमंगला चौक को आवाजाही के लिए सुगम बनाने के लिए यहां भिक्षुओं के लगभग दो दर्जन डेरा को तोड़कर हटाया गया था। इसके अलावा चौड़ीकरण करने के लिए उद्यान के दीवार को भी तोड़ा गया। यहां तक कि सड़क किनारे बनी पुलिस चौकी को भी पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया और सड़क से दूर नीचे मैदान में नया सर्वमंगला चौकी बनाया गया। यातायात पुलिस के द्वारा शहर के भीतर सड़क पर भारी वाहनों के खड़े होने पर कार्यवाही की जा रही है परंतु उपनगरीय क्षेत्रों में चौक चौराहों में पार्किंग किए जा रहे भारी वाहनों पर कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके चलते भारी वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। कार्यवाही ना होने के कारण पुलिस चौकी से लगे चौक पर 24 घंटे भारी वाहन आखिर कैसे खड़े रहे हैं।

### बांकी के वार्ड क्रमांक 26 के लोगों को गड्ढे व कीचड़ से मिलेगी निजात



**कोरबा।** लंबे वर्षों से क्षेत्र में बनीं समस्या को धीरे-धीरे दूर किया जाएगा। साथ ही नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में विकास कार्य तेज़ी से होने लगा है, आने वाले दिनों में हमारे नगर में बनी समस्या को पूर्ण किया जाएगा। जिसकी जो समस्या है वो सीधे नगर पालिका कार्यालय में पहुंचे या अपने स्थानीय पार्षदों, जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्या से अवगत कराएं, जिससे समय रहते मांगों को पूर्ण किया जा सके। उक्त बातें बुधवार को नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा ने वार्ड क्रमांक 26 में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के भूमिपूजन के दौरान कही। वार्ड क्रमांक 26 गेवरा बस्ती के वार्डवासी पिछले कई वर्षों से जर्जर सड़क के गड्ढे व किचड़ से परेशान हैं। अब वार्डवासियों को इन समस्या से निजात मिलेगी। भूमि पूजन के दौरान वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद प्यारेलाल दिवाकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो विकास झा, बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, पार्षद श्रीमती प्रमिला सायतोड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

# ससुराल जा रहे दंपती को कार ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी गंभीर



घटना स्थल पर पड़ा दंपत्ति का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दंपत्ति अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर सुबह अपने ससुराल जा रहे थे कि बीच रास्ते में एक तेज रफ्तार डस्टर कार के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को सामने से ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि दंपति सड़क पर ही गिर गए और इस हादसे में पति की मौत हो गई है जबकि पत्नी को कटघोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले डस्टर कार के चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर कार को जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयपुर निवासी प्रताप पटेल 50 वर्ष पिता आनंद राम पटेल अपनी 47 वर्ष की पत्नी पुनीता पटेल के साथ मंगलवार की सुबह अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 एएल 6979 में सवार होकर अपने ससुराल पाथा जा रहा था कि सुबह लगभग 9 बजे बरभांठा पुलिया के समीप पहुंचा था कि विपरीत दिशा से जा रही डस्टर कार क्रमांक सीजी 12 एजी 8960 के चालक ने मोटरसाइकिल को ठोकर मार दिया जिससे इस सड़क हादसे में प्रताप पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल प्रताप पटेल की पत्नी पुनीता पटेल को उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया जहां उसकी बिगड़ी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया है जबकि दुर्घटना को अंजाम देने वाले डस्टर कार के चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार को जप्त कर लिया है।

### कुत्ते से जा टकराई ऑटो रिक्शा, एक की मौत, दो घायल



बालको से रेलवे स्टेशन सवारी लेकर जा रही एक ऑटो रिक्शा के सामने जब अचानक एक कुत्ता आ गया तो उसे बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जिसमें से एक युवक की मौत हो गई है जबकि दो का उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभांठा बालको निवासी लाल यादव 50 वर्ष पिता मौलाना यादव ऑटो रिक्शा में सवार होकर बालको से रेलवे स्टेशन जा रहा था इस दौरान ऑटो में कुल तीन लोग सवार थे कि ऑटो निहारिका से कुछ दूर आगे शराबभट्टी के पास पहुंची थी कि इसी दौरान सड़क पर अचानक कुत्ता आ गया जिससे बचने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित हो गई और पलट गई जिससे आंखों में सवार लाल यादव चालक सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान लाल यादव की मौत हो गई है।

# चिटफंड और बीसी के नाम पर 1 करोड़ की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चिटफंड और बीसी में पैसा निवेश करने के नाम पर लगभग 1 करोड़ रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर बालको निवासी रितेश नथानी पिता स्वर्गीय राजकुमार नथानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह महेश कुमार मलानी (दीपक) व उसका भाई रूपेश मलानी (बाबू) व इनके मामा किशन दावड़ा प्रोप.- अप्सरा इलेक्ट्रिकल एवं इनके मित्र विनोद पाहुजा (विन्नू) जो मूल रूप से पुराने बस स्टैण्ड के निवासी व दुकानदार हैं। उक्त सभी व्यक्तियों के द्वारा रितेश नथानी को सिंधी समाज का होने के कारण लालच व भरोसा तथा विश्वास में लेकर कहा गया कि उनके द्वारा कोरबा में स्वयं का दुकान का संचालन करने के साथ साथ चिटफंड व बीसी के माध्यम से रकम को रातोरात दुगनी करने का कारोबार विगत कई वर्षों से करते आ रहे है। तुम भी समाज के हो और तुम भी हमारे चिटफंड व बीसी में रकम निवेश कर रातोरात अधिक पैसा कमा सकते हो। ऐसा कहकर महेश मलानी ने रितेश नथानी को विश्वास में लेकर तथा लालच देकर उससे 26 लाख रूपये का निवेश कराया था। इनके चिटफंड व बीसी के कारोबार में रितेश नथानी के परिचित व उसके मित्र आर.व्ही.एस. प्रसाद व उनके बड़े भाई आर.व्ही. रमेश ने भी 27 लाख रुपए एवं 19 लाख रुपए, आर.ए. नारायण ने 11 लाख रुपए एवं हरीश शर्मा ने भी 16 लाख रुपए का निवेश महेश मलानी के पास किया गया है। इसी कड़ी में अप्रैल 2024 को महेश मलानी (दीपक) के द्वारा रितेश नथानी के वाट्सएप पर लिखा गया कि हर माह आप तीनो को 1 लाख 19 हजार रुपए देगा। जो आप लोगो का प्रॉफिट के रूप में हिस्सा होगा। जो दिसंबर 2024 तक दिया गया व जनवरी 2025 से महेश मलानी द्वारा मार्केट में उसे काफी नुकसान उठाना पड़ा है कहकर उक्त रितेश नथानी एवं उसके साथी लोगों का पैसा देना बंद कर दिया गया। जब रितेश नथानी के द्वारा महेश कुमार मलानी के दुकान में जाकर देखा गया तो दुकान का शटर बंद मिला और आस-पास पता करने पर पता चला कि महेश मलानी कोरबा जिले से फरार हो गया है। प्रार्थी रितेश नथानी की रिपोर्ट पर पुलिस के द्वारा महेश मलानी, रुपेश मलानी, विनोद कुमार पाहूजा और किशन दावड़ा के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की खोजबीन शुरु कर दी है।

# रेत तस्करों के अवैध भंडारण निकासी पर विधायक का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मौके पर पहुंचे विधायक कंवर व अन्य।

ग्राम पंचायत मोहरा के आश्रित ग्राम झींका में अवैध रूप से चैन माउंटेन लगाकर नदी से बड़े पैमाने पर रेत निकासी की जा रही थी और बड़े पैमाने पर भंडारण भी किया जा रहा था। रेत तस्कर लंबे समय से इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे थे। जैसे ही इसकी भनक रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया को लगी तो उन्होंने अपने टीम के मौके पर छापामारी की कार्रवाई की है और मौके पर बड़े पैमाने पर अवैध रेत का भंडारण के साथ-साथ चैन माउंटेन व हाईवा पाया गया है। देखना होगा कि जिला प्रशासन द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की जाती है। पहले भी खनिज विभाग की टीम ने इसी स्थान पर चैन माउंटेन व बड़े पैमाने पर अवैध रेत भंडारण जप्त किया था लेकिन इसके बाद भी फिर से रेत तस्करों ने यहां से अवैध रेत भंडारण और रेत निकासी धड़ल्ले से किया जा रहा है जिससे साफ है कि रेत तस्करों के हौसले बुलंद है। इस दौरान रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया के साथ, सरपंच श्रीमती मीना नामदाऊ बिंझवार, पूर्व सरपंच कीर्तन बिंझवार, पूर्व जनपद सदस्य द्वारिका कौशिक, समाज प्रमुख चैतराम कंवर, उपसरपंच श्रीमती ललीता बाई कंवर, रघुनंदन कंवर, रामायण सिंह, गोवर्धन कंवर, घनश्याम कंवर, संजय बिंझवार, शिवभगस कंवर, दिलबन्धु,गोपाल कंवर, पूर्व सरपंच चन्द्रीका कंवर, श्रीमती मानबाई कंवर, संतोष कंवर, पूर्व सरपंच सुधवार कंवर, रामू कंवर, पवन कंवर उपस्थित रहे।

# पोड़ी उपरोड़ा जनपद के मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी किए गए बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में मनरेगा प्रकोष्ठ में पदस्थ रहे पूर्व कार्यक्रम अधिकारी कर्मवीर सिंह को कलेक्टर ने फजीवाड़े की शिकायत के मामले में जांच रिपोर्ट मिलने के बाद बर्खास्त कर दिया गया है। मनरेगा में कार्यक्रम स्तर के अधिकारी के विरुद्ध बर्खास्तगी की यह पहली कार्यवाही है। शिकायत को लेकर ही उन्हें पोड़ी उपरोड़ा जनपद से स्थानांतरित कर कटघोरा में पदस्थ किया गया था।

**खास बात**

- फर्जीवाड़े की शिकायत की चल रही थी जांच, मामले में कलेक्टर ने की कार्यवाही

जानकारी के अनुसार कर्मवीर सिंह पिछले लंबे समय से जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में पदस्थ थे। जिनके खिलाफ लगातार शिकायतें जिला पंचायत को मिली थी। इस मामले की जांच कराई जा रही थी। जांच प्रभावित न होने की स्थिति पर कर्मवीर सिंह को जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा से हटाकर जनपद कटघोरा में पदस्थ किया गया था। कर्मवीर के खिलाफ अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्य करने का आरोप था। इसके अलावा पूर्व जनपद सीईओ के डिजिटल सिग्नेचर का फर्जी ढंग से उपयोग कर राशि आहरण करने की शिकायत थी। पोड़ी उपरोड़ा जनपद में पदस्थ तत्कालीन सीईओ भुनेश्वर सिंह राज की पदस्थापना के दौरान कर्मवीर ने जनपद सीईओ और पीओ के संयुक्त हस्ताक्षर से मनरेगा की राशि जारी हुआ करती थी। इस बीच जब सीईओ भुवनेश्वर राज का तबादला हो गया और उनके स्थान पर राधेश्याम मिर्झा पोड़ी उपरोड़ा के सीईओ बनाकर भेजे गए, तब मिर्झा के कार्यकाल में पीओ कर्मवीर के द्वारा तबादला हो चुके भुनेश्वर राज के डीएससी अर्थात डिजिटल सिग्नेचर और अपने हस्ताक्षर का इस्तेमाल करते हुए मनरेगा की राशि जारी की गई। इसकी जानकारी जब मिर्झा को हुई और उनकी पदस्थापना अवधि में पूर्व सीईओ राज के डिजिटल हस्ताक्षर से मनरेगा की राशि जारी कराए जाने का पता चला तो उन्होंने इस पर जांच बैठा दी एवं जांच प्रतिवेदन पश्चात कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जिसपर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। रिपोर्ट कलेक्टर को प्रेषित की गई।

### बिना अनुशंसा 4 करोड़ से अधिक का भुगतान

जॉच टीम ने पाया कि एम.आर. करमवीर द्वारा 12 सितम्बर 2022 से 7 नवम्बर 2022 तक भुनेश्वर राज के डीएससी का उपयोग सीईओ श्री मिर्झा एवं श्री राज दोनों के बिना संज्ञान में लाये हुए मजदूरी मद में 4 करोड़ 20 लाख 49 हजार 571 रुपए सामग्री मद में 9 लाख 84 हजार 320 रुपये प्रशासकीय मद (वेतन व कार्यालयीन व्यय) में 33 लाख 4 हजार 548 रुपए एवं अर्द्धकुशल मजदूरी मद में रूपये 7 लाख 11 हजार 46 रुपए का भुगतान किया गया है। जिसमें से मजदूरी मद के रूपये 4 करोड़ 20 लाख 49 हजार 571 का भुगतान बिना नस्ती के संधारण किये एवं सीईटो से बिना अनुशंसा के किया गया है। वित्तीय अनियमितता पर करमवीर को छ.ग. संविदा नियुक्ति नियम 2012 के बिन्दू क्र. 11 के कण्डिका (5) के तहत एक माह का वेतन देते हुए, पद से पृथक किया गया है।

# नगर में प्रशासन ने बरती सख्ती, मुख्य चौराहे से हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करता अमला।

नगर के शहीद वीर नारायण चौक पर लंबे समय से जमे अतिक्रमण को लेकर नगर प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्यवाही की। नगर पालिका परिषद, पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मुख्य चौराहे पर फैले ठेले, खोमचे और दुकानों को हटाकर चौराहे को खाली कराया। प्रशासन की यह कार्यवाही पूर्व में जारी नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर की गई।

शहीद वीर नारायण चौक, जो कटघोरा नगर का प्रमुख यातायात केंद्र है, बीते कुछ वर्षों से अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा था। छोटे दुकानदारों, ठेलेवालों और अन्य फेरीवालों ने चौराहे पर कब्जा कर रखा था, जिससे न केवल ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी बल्कि भारी वाहनों की आवाजाही में भी गंभीर परेशानी आ रही थी। चौराहे की सुंदरता और सफाई व्यवस्था भी अतिक्रमण के कारण प्रभावित हो रही थी। इन समस्याओं को देखते हुए कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रोहित सिंह ने नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) ज्ञानपुंज कुलमित्र को निर्देश दिए कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्थान खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की जाए। लगभग 10 दिन पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर स्थान खाली करने का मौका दिया गया था, परन्तु अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने पर आज 13 मई को प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े। इस कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार धनेश्वर चंद्रा, कटघोरा थाना पुलिस बल, और नगर पालिका का अमला मौके पर मौजूद रहा। कार्यवाही की शुरुआत मुख्य चौराहे से हुई, जहां ठेले, खोमचे और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। कई दुकानदारों ने इस कार्यवाही का विरोध भी किया और नाराजगी जताई, लेकिन प्रशासन ने सख्ती के साथ नियमों का पालन करवाया। नवागांव मार्ग स्थित बीकानेर होटल के बाहर का अतिक्रमण, जो एक बड़े और स्थायी अतिक्रमण के रूप में सामने आया था, उसे भी एसडीएम और सीएमओ की उपस्थिति में हटाया गया। इस स्थान पर अक्सर भीड़भाड़ रहती थी जिससे राहगीरों को खासी परेशानी होती थी।

### सुशासन तिहार में मिली थी शिकायत

एसडीएम रोहित सिंह ने बताया कि यह कार्यवाही सुशासन तिहार के तहत प्राप्त शिकायतों के आधार पर की जा रही है। नगर की सुंदरता, स्वच्छता और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाहियां की जाएंगी। जल्द ही न्यू बस स्टैंड और मुख्यमार्ग पर दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने यह भी बताया कि जिन फेरीवालों और ठेला संचालकों की दुकानें हटाई गई हैं, उन्हें व्यापार करने के लिए पुष्प वाटिका के पास नवनिर्मित चौपाटी में स्थान आवंटित किया गया है। उन्हें वहां दुकानें लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है, ताकि उनके रोजगार पर असर न पड़े और नगर की यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहे।

### साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने सीएमओ को पत्र

**कटघोरा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा अंतर्गत रविवार के दिन बाजार मोहल्ला में लगाए जा रहे साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु भाजयुमो के चिंटू अग्रवाल ने नगर पालिका के सीएमओ को पत्र जारी किया है। प्रेषित पत्र में श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका के द्वारा रिवार के दिन जो साप्ताहिक बाजार जिस स्थान पर लगाया जा रहा है वह पूरी तरह से अव्यवस्थित हो चुका है। 4 सप्ताह से बाजार मोहल्ला में बाजार लगाया जा रहा है जो कि पूरी तरह से अव्यवस्थित है। बाजार मोहल्ला एक छोटा सा रिहायशी इलाका है यहां आने वाले वाहनों के कारण मार्ग में जाम लग जाता है। बाजार के अंदर हनुमान मंदिर से जय स्तम्भ चौक तक आवागमन बाधित रहता है। बाजार के दिन लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है। सड़क के दोनों ओर सब्जी व्यवसायियों के द्वारा दुकान लगाए जाने से आवागमन मुश्किल रहता है। शासन द्वारा पूर्व में सर्वसुविधायुक्त सुंदर चबुतरा, हाट बाजार शेड, लाइट आदि की व्यवस्था की गई है लेकिन रविवार के दिन यह बाजार पूरी तरह से खाली रहता है। चबुतरा को छोड़कर लोग अपनी दुकान बाहर लगाते हैं। श्री अग्रवाल ने साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने की मांग नगर पालिका के सीएमओ से की है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

**क्रमांक 72-/वा.-2/ तह. / 2025**
**भैसमा दिनांक 06/05/2024-25**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बुन्देली प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. भैसमा तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. / बी-121/24-25 आवेदक श्री नूतन कुमार पिता स्व. श्री अरूणलाल जाति अघरिया निवासी ग्राम बुन्देली प.ह.नं. 07 तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ.ग.) ने अपने दादी स्व. सम्मत कुंवर पति स्व. दयाराम की मृत्यु दिनांक 15/10/2023 को ग्राम बुन्देली तहसील भैसमा जिला-कोरबा में होने से उसके नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, ग्राम पंचायत का पंचनामा, आधार कार्ड, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा चालान, के साथ आवेदन पेश किया है-जिस किसी को आपत्ति हो या हित रखते हो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायलय में दिनांक 21/05/2025 को प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**भैसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**प्र.क. /अ-6अ/2024-25**
**ग्राम-हरदीबाजार प.ह.नं. 15**

अखिलेश पाण्डेय पिता गंगा प्रसाद पाण्डेय-आवेदकगण, कुंती देवी पति मदन लाल ब्राम्हण राजाराम जायसवाल पिता कुंजी लाल प्रदीप पाण्डेय पिता रामाधार पाण्डेय साकिन हरदीबाजार तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा (छ०ग०)

विरूद्ध

1. विमला कुमारी पिता कोमल प्रसाद-अनावेदकगण, 2. संजय कुमार पिता कोमल प्रसाद 3. सुनीता पिता कोमल प्रसाद 4. जितेंद्र कुमार पिता कोमल प्रसाद 5. विजय कुमार पिता कोमल प्रसाद 6. लक्ष्मीबाई पिता कोमल प्रसाद 7. द्रोपती देवी पिता कोमल प्रसाद 8. संतोषी पिता कोमल प्रसाद 9. विनीत पिता कोमल प्रसाद 10. वर्षा विधी पिता मनोज 11. अन्नपूर्णा पति मनोज सभी जाति यादव साकिन

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम हरदीबाजार तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा को सूचित किया जाता है कि आवेदक गण अखिलेश पाण्डेय पिता गंगा प्रसाद जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम हरदीबाजार एवं 03 अन्य विरूद्ध विमला कुमारी पिता कोमलप्रसाद यादव निवासी ग्राम हरदीबाजार एवं 10 में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदकगण के द्वारा अनावेदकगण के पिता कोमल प्रसाद वगै की ग्राम हरदीबाजार पहन 15 स्थित भूमि खा.न. 619 रकबा 0.186 है. भूमि को दिनांक 04.06.2007 में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर विधिवत नामांतरण क्र. 75 दिनांक 18.9.2007 कराकर राजस्व अभिलेख बी.1 2008-89 में दर्ज किया गया है। वर्तमान समय मे विक्रेता गण के पिता कोमल प्रसाद के वारिसानो के नाम पर राजस्व अभिलेख में दुरूस्त हो गया है। अतः उक्त भूमि का आवेदकगण के नाम से अभिलेख दुरुस्त किये जाने निवेदन किया गयाहै।। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

तत्सबंध में अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है है कि उक्त प्रकरण की सुनवाई तिथि 19.05.2025 को समय 11.00 बजे नियत है। अतः नियत दिनांक को स्वयं अथवा अपने मान्य अभिकर्ता के साथ अपने पक्ष समर्थन संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें। अनुपस्थित रहने की दशा में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।


जारी दिनांक-28-04-2025

**तहसीलदार हरदीबाजार**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी को मिले 92.8 प्रतिशत अंक


लक्ष्मी राठौर।

**कोरबा।** पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा युवामोर्चा मनोज कुमार राठौर की पुत्री कुमारी गीतांजलि राठौर ने विनसेंट पैलोटी स्कूल की कॉमर्स ग्रुप से 12वीं सीबीएसई बोर्ड में 92.8 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में दूसरे स्थान हासिल करके स्कूल और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है।

### गेवरा में लिपिक वर्ग के कर्मियों को मिली पदोन्नति

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा में लिपिक वर्ग के 13 कर्मियों को पदोन्नति मिली है। विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के बाद एसईसीएल गेवरा एरिया के महाप्रबंधक (एचआर) ने आदेश जारी कर दिया है। पदोन्नति पाने वाले इन कर्मचारियों को लिपिक श्रेणी-1 में राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-11 के वेतनमान पर पदोन्नत किया गया है। एसईसीएल गेवरा के लिए मैनपावर बजट 2024-25 में स्वीकृत लिपिक श्रेणी-1 के खाली पदों को भरा है। इसके लिए लिपिक श्रेणी-2 के 13 कर्मचारियों को पदोन्नति मिली है। जारी आदेश में पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों को सलाह दी गई है कि संबंधित विभागाध्यक्ष के समक्ष पदोन्नत पद पर अपना कार्यभार लेने प्रतिवेदन पेश करें, इन्हें 30 दिनों के भीतर कार्यभार लेनी होगी। उक्त अवधि में कार्यभार नहीं लेने पर पदोन्नति निरस्त मानी जाएगी। कार्यालय आदेश की प्रति भी कर्मचारियों को भेज दी है। पदोन्नत पद पर आने की तिथि से आगामी एक साल के लिए परीविक्षा अवधि में रहेंगे। इस दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर पूर्व पद पर वापस करने का अधिकार भी सुरक्षित रखा गया है। किसी कर्मचारी की शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता या अन्य कोई प्रमाण-पत्र गलत पाए जाने पर भी पदोन्नति आदेश निरस्त कर दिए जाएंगे।

### राष्ट्र सेविका समिति का प्रारंभिक अभ्यास हुआ आयोजित

**कोरबा।** भिलाई नगर जिला दुर्ग में राष्ट्र सेविका समिति का प्रारंभिक अभ्यास वर्ग आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बालिकाएं भाग ले रही हैं। जिले से कुल 12 बालिकाओं का समूह सोमवार को अभ्यास वर्ग में भाग लेने हेतु भिलाई के लिए रवाना हुआ। यह दल नगर कार्यवाहिका निक्की उपाध्याय तथा विभाग कार्यवाहिका सरस्वती गबेल के नेतृत्व में प्रशिक्षण वर्ग हेतु प्रस्थान कर चुका है।

## सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम

# यश ने बढ़ाया आईपीएस दीपका का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


यश कश्यप। सुहान सिंह। वैष्णवी कंवर। ऋषभ सिंह।

सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन के दसवीं के लाखो छात्रों का इंतजार ख़त्म हो गया है बोर्ड ने मंगलवार दोपहर 1 बजे 10 वी का रिजल्ट जारी किया। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका का सीबीएसई दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा विद्यालय में दसवीं कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों में अधिकतर विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी में पास होकर विद्यालय को किया गौरन्वान्वित विद्यालय के यश कश्यप ने 90.7 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम रहे ,सुहान सिंह 88 प्रतिशत के साथ द्वतीय तृतीय वैष्णवी कंवर 87.3 प्रतिशत चतुर्थ ऋषभ सिंह 83.2 प्रतिशत,आदित्य मरावी 81.7 पंचम स्थान ० 80.7 प्रतिशत अंक के साथ संगम सिहाग षष्ठम स्थान पर रहे।

स्कूल के टॉपर यश कश्यप ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, प्राचार्य और शिक्षकों को दिया और कहा कि इंडस स्कूल के सभी शिक्षक हमें पढ़ाई में मदद करते थे हमारी हर दुविधा को बहुत आसानी से सुलझा देते थे। यहाँ उच्च कोटि की शिक्षा का माहौल है जो हर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है मै खुद यहाँ अपने अनुभव से कह सकता हूँ कि शुरू में जो विद्यार्थी बहुत कमजोर थे उन्हें भी विशेष शिक्षा प्रदान कर उनके स्तर को ऊँचा किया है जिस कारण यहाँ सभी स्टूडेंट्स प्रथम श्रेणी में पास हुए। शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के बारे में बताया कि सभी विषय शिक्षकों ने खूब मेंहनत किया एवं लगातार विद्यार्थियों के संपर्क में रहे और कई टेस्ट करवाए।

विद्यालय के प्राचार्य भी बच्चो के बेहतर परिणाम के लिए दिन-रात लगे रहते थे वे हमेशा शिक्षकों से विचार-विमर्श करते रहते थे। सैंपल बुक ० अन्य परीक्षायोगी साधनो के लिए बुक पब्लिसर के संपर्क में हमेशा रहते थे कोई भी चीज़ जो बोर्ड परीक्षा लिए महत्वपूर्ण उसे किसी भी कीमत पर उपलब्ध करवाते थे ।

बारम्बार प्रयास ० शंका समाधान से आज विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्तम रहा ।उन्होंने सभी विषय शिक्षको को उनके कठिन मेहनत के लिए आभार जताया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने दसवीं बोर्ड के रिजल्ट पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम काफी उत्साहजनक रहा विद्यालय में दसवीं कक्षा में अध्ययनरत अधिकतर छात्रों का प्रथम श्रेणी में पास होना विद्यालय ही नहीं बल्कि पुरे अँचल के लिए गर्व की बात है। बहुत से विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक लाकर अपने माता-पिता सहित पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय ने हमेशा बच्चों के हित के लिए कार्य किया है और उन्हें हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई है शिक्षकों को भी समय-समय पर एक्सपर्ट के द्वारा ट्रैंनिंग भी प्रदान करवाई ताकि वे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य गढ़ने में मदद मिल सके विद्यार्थियों के पढाई को लेकर थोड़ी भी ढील नहीं दी गई हमने विद्यार्थियों के हर समस्या को सुना और उनका निराकरण भी किया कैसे बेहतर परिणाम हो इसके लिए हमने बहुत कठिन परिश्रम किया। बच्चो से बार-बार संपर्क किया विद्यालय और यहाँ पर काम करने वाले सभी कर्मचरियो ने पूरी निष्ठा, लगन और मेहनत से कार्य किया है जिसके परिणाम स्वरुप हमने बेहतर परिणाम दिया है और आगे भी इससे बेहतर परिणाम देंगे। अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के लिए शुभकामनाये दी और कठिन परिश्रम के लिए विद्यालय के शिक्षकों का आभार जताया।

## आर्यन पहले, दूसरे स्थान पर दिव्यांस


आर्यन थवाईत। दिव्यांशु वर्मा। आस्था तिवारी।

डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष आर्यन थवाइत ने 432 अंक (86.4 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर दिव्यांशु वर्मा रहे, जिन्होंने 429 अंक (85.8 प्रतिशत) प्राप्त किए। वहीं तृतीय स्थान पर आस्था तिवारी रहीं, जिन्होंने 417 अंक (83.4 प्रतिशत) अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अन्य विद्यार्थियों में अनुपमा सिंह ने 407 अंक (81.4 प्रतिशत) प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। बिद्या कर ने 406 अंक (81.2 प्रतिशत) के साथ पाँचवां स्थान प्राप्त किया। अनन्या वर्मा और श्रेयल गुप्ता ने समान रूप से 403 अंक (80.6 प्रतिशत) प्राप्त कर संयुक्त रूप से छठा स्थान प्राप्त किया।

## जैन पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम


रिद्धी अग्रवाल। नमामी चटर्जी। स्नेहा उपाध्याय। आरती चौहान। यथार्थ वर्मा। इश्नवी गुप्ता।

जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान नामामी चटर्जी 93.6 प्रतिशत, द्वितीय स्नेहा उपाध्याय 92.8 प्रतिशत, तृतीय ऋद्धि अग्रवाल 86.8 प्रतिशत इसी तरह 12वीं में प्रथम आरती चौहान 94.6 प्रतिशत, द्वितीय यर्थाथ वर्मा 93.6 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर इश्नवी गुप्ता 89.6 प्रतिशत प्राप्त की। प्रधानाचार्या श्रीमती स्मिता वी. नायर ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### आर्या अग्रवाल ने किया जिले का नाम रौशन



हीरो होंडा शोरूम कटघोरा के संचालक सन्तोष अग्रवाल मुकेश गोयल की सुपुत्री आर्या अग्रवाल ने 10वीं की परीक्षा में 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कटघोरा नगर के साथ साथ जिले का नाम भी रौशन किया है आर्या अग्रवाल शुरू से ही पढ़ाई के क्षेत्र में आगे रहे हैं। आर्या डीपीएस एनटीपीसी के छात्र हैं।

## संस्कार भारती विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



संस्कार भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिगापुर में 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्राचार्य सुश्री शेख सबीना एवं संचालक श्रीमती किरणलता तिवारी ने बताया कि कक्षा 10वीं हिंदी माध्यम में मोबिना गौसिया 94 प्रतिशत, कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम में अंशी खलखो 91 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम में किरण कंवर (जीव विज्ञान संकाय) के द्वारा 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने तथा परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया।

## आदित्य गोयल ने किया जिले का नाम रौशन



महामाया सेल्स कटघोरा के संचालक मुकेश गोयल के सुपुत्र आदित्य गोयल जो कि डीपीएस एनटीपीसी में अध्यरत्न है। आदित्य गोयल ने इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कटघोरा नगर के साथ साथ जिले का नाम भी रौशन किया है। आदित्य गोयल शुरू से ही पढ़ाई के क्षेत्र में आगे रहे हैं उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरूजन सहित माता पिता व पूरे परिवार को दिया है।


## ऋषभ देवांगन को 12वीं में मिले 96.7 प्रतिशत अंक



सीबीएसईबी परीक्षा परिणाम में ऋषभ देवांगन को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के 12वीं में 96.7 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। ऋषभ देवांगन को छुरी नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मनि देवांगन व प्रीतम देवांगन के पुत्र हैं। अपनी इस सफलता के लिए ऋषभ देवांगन ने स्कूल के शिक्षक के साथ माता पिता को श्रेय दिया है। ऋषभ शुरू से ही मेघावी छात्र रहे हैं। इसके पूर्व के भी परीक्षाओं में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।

# पदोन्नति एवं नियमितीकरण पर द्वीपक्षीय वार्ता की मांग

कोरबा। विद्युत कंपनी के तकनीकी एवं कार्यालयीन कर्मचारियों की पदोन्नति, वरिष्ठता एवं नियमितीकरण के मुद्दों पर छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 के महासचिव आर सी चेट्टी द्वारा कंपनी प्रबंधन को ज्ञापन देकर द्विपक्षीय वार्ता की मांग की गई है जिस पर माह के अंत तक बैठक की संभावना है। महासचिव आरसी चेट्टी ने कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों को जारी ज्ञापन में वितरण कंपनी के वरिष्ठ कार्यालय सहायक श्रेणी-एक (1991 बैच) की अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति, वितरण कंपनी में वर्ष 2013 से परीक्षण सहायक श्रेणी 2 के पद पर कार्यरत कर्मचारियों की सहायक श्रेणी 1 के पद पर पदोन्नति एवं वर्ष 2020 में सीधी भर्ती से नियुक्त कार्यालय सहायक श्रेणी 3 कर्मचारियों की 5 वर्ष की सेवा आधार पर कार्यालय सहायक श्रेणी 2 के पद पर पदोन्नति की मांग की है। इसके अलावा महासचिव ने कंपनी के अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर विगत 8 वर्षों से कार्यरत परिचारक लाइन (संविदा) कर्मचारियों के नियमित किए जाने के संबंध में वार्ता के लिए समय प्रदान करने की मांग की है।

# NEW ERA PROGRESSIVE SCHOOL

FROM IGNORANCE TO AWARENESS
NEW ERA PROGRESSIVE SCHOOL

Behind Tehshil Office, Rampur, Korba (C.G.) – 495677
Ph.: 8889914979, 8958918958
Website : www.nepskorba.in, Email : info@nepskorba.in
Affiliated to CBSE, Delhi, Vide Affiliation No.- 3330123

## Heartiest Congratulations to the toppers of NEPS.


97%
SKANDA RAWTE
(Commerce)
District Topper


91.8%
ISHAN SONI
(Science)
School Topper

SHREYA CHAURASIA 90.4%
VANSHIKA JHUNJHUWALA 90.2%
VIVAAN MUKHERJEE 90%

### AISSCE (Class XII) 2025 Toppers with 80% and Above Marks

KRISHNA GOYAL 96.2%
VANSHIKA AGRAWAL 93.8%
AADISHANKAR SHAJI 92.4%
YASH AGRAWAL 92%
DIKSHA SAHU 91.4%
SEJAL MAKWANA 90.8%
AKSHAY PRATAP SINGH 90.6%
SAYANTIKA SANTRA 90.6%

**COMMERCE STUDENTS -**

SHRISHTI RAMCHANDANI - 89.6%
HARSH KODWANI - 89.4%
ARHAM KOCHAR - 89.2%
MOHAK AGRAWAL - 89%
SOMESH DEWANGAN - 88 %
MD ZIYAN ANSARI - 87.6%
BHOOMI PAHUJA - 87.2%
RISHIKA SHARMA - 86.6%
KATYAYNI THAWAIT - 85.2%
SHAGUN SHARMA - 84.6%
RIA SINGH - 84.2%
DIVYANSHI SONI - 83.8%
HARSHITA RAMCHANDANI - 83.8%
HARMAN KHURANA - 82.4%
ANUSHKA SUNDI - 82.2%
HIMANSHU RATHORE - 82%
SNEHA VERMA - 81.8%
SHIVAM MANDAL - 80.4%
AADI VISHWAKARMA - 80.2%
AASHDEEP SINGH BHATIA - 80.2%
ISHIKA CHAWLANI - 80%

**SCIENCE STUDENTS -**

LAKSHYA HANSRAJANI - 87.4%
SHAURYA KUMAR SHUKLA - 83.6 %
PRACHI KUKREJA - 81 %

### AISSE (Class X) 2025 Toppers with 80% and Above Marks

96.6%
DIVYANSH TIWARI
School Topper

96.6%
ROSE FRANCIS ALAPATT
School Topper

96.6%
SAKSHI BANSAL
School Topper

BHAVNA SAHU 96.4%
SHWETA RATHORE 95.8%
AARADHYA SHARMA 95.2%
PRAGYA PANDEY 94.4%
YUG PRAKASH SINGH 94.2%
RISHIT SONI 94.2%
AANYA AGRAWAL 94.2%
ANUSHKA KHARE 94%
TANMAY MISHRA 93.8%
NAVIKA RATHORE 93.8%
ANANT UPADHYAY 93.6%
SREE LAKSHMI 93.2%
ISHIKA AGRAWAL 93%
APARNA UPADHYAY 93%
NABISH KASHYAP 93%
SAJAL SHRIVASTAVA 93%
NEETESH MARAVI 92.4%
MANOSWI MONDAL 91.6%
SHLOK RATRE 90.8%
ADITYA SURYAWANSHI 90.8%
HIMANSHU KUMAR 90.8%
AAKRITI PRASAD 90.2%

SHOURYA AGRAWAL - 89.8%
HARSHIKA RAJPOOT - 89.6%
PARUL SONI - 89%
MANYA SINGH - 88.8%
SHIVAM WADHAVAN - 88.6%
RAGINI RAY - 88.4%
SHRISTI GUPTA - 88.2%
SNEHYL P MATHEW - 88.2%
HARSHITA BAGALE - 88.2%
ANIKET JAIN - 88%
SHRIJAN PANDEY - 87.8%
MEGHA PATEL - 87.6%
SHREYA PANDEY - 87.6%
ANCHITA PRASAD DANGI - 87.4%
SANKALP SAHU - 87.2%
DEVANSH AGRAWAL - 87%
RISHIKA PAL - 87%
SIDDHI CHAUDHARY - 86.8%
RAJVEER SINGH - 86.4%
AASHNA CHAWLA - 86.4%
ISHANA RAJ - 86.2%
SHREYAS DIXENA - 86.2%
SUDEEKSHA JAISWAL - 86%
GAGAN KUMAR RAHANGDALE - 86%
ANUSHA PRABOOSH - 85.6%
ARYAN AGRAWAL - 85.4%
VIBHOR AGRAWAL - 85.4%
SHRADDHA AGRAWAL - 84.6%
SHOURYA KUMAR SINGH - 84.4%
ROHAN ANANT - 84.2 %
FIRDAUS FATIMA KHAN - 83.4%
RAGHAV AGRAWAL - 83.4%
HARSHIT KUMAR KAHARA - 83.2%
JASMAN KAUR - 83%
MAYON KAIWART - 83%
KIRAN JAISWAL - 83%
ANUSHKA GUPTA - 82.8%
DEVANSH SHRIVASTAVA - 82.2%
MIHIKA PANDIT - 82%
ABHISHEK DIXENA - 81.8%
SHOURYA AGRAWAL - 81.8%
MANAV RAMANI - 81.8%
AASHIN ANSARI - 81.8%
ARJUN SINGH RATHORE - 81.2%
RUDRAKSH MANDAL - 81%
YOGESH KUMAR KANWAR - 81%
NAMAN YADAV - 81%
NISHITA SONI - 80.4%
NIDHI RATHORE - 80.2%
SAKSHAM JAISWAL - 80.2%
KRITIKA SHAHI - 80%

### WITH BEST COMPLIMENTS FROM


KISHOR KUMAR SAHU
CHAIRMAN


DILIP KUMAR SAHU
DIRECTOR


D. S. RAO
PRINCIPAL


JAGJEET SINGH BHATTI
HEAD MASTER

**Teachers & Staff**




## ADMISSIONS OPEN

*From Nursery to Class IX and XI*
*(Science & Commerce)*